કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ
(શ્રમ અને રોજગાર મંત્રાલય, ભારત સરકાર)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
Email : ms-ankleshwar.gj@esic.nic.in

क.रा.बी.नि.
E.S.I.C

सत्यमेव जयते

ક.રા.બી.નિ હોસ્પિટલ, અંકલેશ્વર,
પ્લોટ નં.H3012, 500 કવાટર પાસે,
અંકલેશ્વર, જિ. ભરૂચ
क.रा.बी. निगम अस्पताल, प्लाट स. H3012,
500 क्वाटर के पास, अकलेश्वर, जो.भरूच
ESIC Hospital, Plot No. H3012, Nr. 500 Quarters, Ankleshwar, Dist. Bharuch
Website : www.esic.gov.in

क. रा. बी. निगम अस्पताल अंकलेश्वर

क. रा. बी. निगम 75वां स्थापना दिवस – विशेष सेवा पखवाड़ा

रिपोर्ट दिनांक: 07/02/2025

कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, अंकलेश्वर द्वारा दिनांक **07/03/2026** को क. रा. बी. निगम के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में “विशेष सेवा पखवाड़ा” के अंतर्गत मुख्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अस्पताल में पोस्टर प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिता तथा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर बीमित व्यक्तियों को ईएसआईसी योजना के लाभों, दुर्घटना एवं मृत्यु संबंधी क्लेम प्रक्रिया की जानकारी दी गई।। यह कार्यक्रम डॉ. आर्केश शाह, चिकित्सा अधीक्षक प्रभारी, के नेतृत्व में सुव्यवस्थित एवं योजनाबद्ध रूप से संपन्न किया गया।

इस अवसर पर अस्पताल परिसर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बीमित व्यक्तियों को ईएसआईसी योजना के लाभों के बारे में जानकारी देना तथा स्वास्थ्य एवं श्रमिक कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
मातृत्व हितलाभ
मातृ शक्ति का सम्मान
विशेषताएं
सुरक्षित भविष्य का आधार
ईएसआईसी का
आश्रितजन हितलाभ
हितलाभ पाने की प्रक्रिया

RECEPTION

1. कार्यक्रम के अंतर्गत ओपीडी विभाग में **पोस्टर प्रदर्शनी** का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा उपस्थित बीमित व्यक्तियों को ईएसआईसी योजना के विभिन्न लाभों और सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

2. जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नर्सींग स्टाफ द्वारा एक **नुक्कड़ नाटक (स्ट्रीट प्ले)** का भी आयोजन किया गया, जिसका **विषय** “**कर्मचारी सुरक्षा**” **एवं** “**महिला सहयोग**” था।

3. इसके अतिरिक्त "**स्वस्थ श्रमिक, समृद्ध भारत**" विषय पर प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं श्रमिक कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अस्पताल कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।